**दिनांक - 29/07/2024 को थाना नेहरुकॉलोनी ने वाहन चोरी की 02 अलग अलग घटनाओं का पुलिस ने किया खुलास**
**चोरी की दो स्कूटियों के साथ 02 शातिर वाहन चोरों को दून पुलिस ने किया गिरफ्तार।**
**गिरफ्तार दोनो अभियुक्त है नशे के आदि, नशे की पूर्ति के लिए दिया था घटना को अंजाम**

घटना संख्या - 01: दिनांक 22-07-24 को वादिनी अदिति डोभाल निवासी नंदादेवी एन्क्लेव, बद्रीपुर ने थाना नेहरू कालोनी प्रार्थना पत्र दिया कि उनके घर के बाहर से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनकी स्कूटी संख्या यू0के0-07- बीके-2513 को चोरी कर लि गया है।

घटना संख्या - 02: दिनांक 23-07-2024 को वादिनी निधि गुसाईं निवासी बद्रीपुर, नेहरू कॉलोनी ने थाना नेहरू कालोनी पर प्रार्थ पत्र दिया कि उनके घर के बाहर से उनकी स्कूटी संख्या यू0के0-07-एएफ-7874 को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया ग है।

दिये गये प्रार्थना पत्रों के आधार पर थाना नेहरू कालोनी पर क्रमशः मु0अ0स0 240/24 धारा 303(2) भा0न्या0सं0 तथा मु0अ0स 244/24 धारा 303(2) भा0न्या0सं0 में अभियोग पंजीकृत किया गया।

वाहन चोरी की घटनाओं के अनावरण तथा अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा पुलिस टीम गठित क आवश्यक निर्देश दिये गये, गठित टीम द्वारा घटना स्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेजों से घटना में शामिल संदिग्ध अभियुक्तों के सम्बन्ध में जानकारी एकत्रित की गयी, साथ ही सुरागरसी पतारसी करते हुए स्थानीय मुखबिर तंत्र को सक्रिय कि गया। पुलिस टीम द्वारा लगातार किये जा रहे प्रयासों के परिणाम स्वरूप मुखबिर की सूचना पर वाहन चोरी की घटनाओं को कारि करने वाले 02 अभियुक्तों 01: विकास पुत्र राजेश निवासी पंचपुरी मोहोला थाना डालनवाल देहरादून उम्र 25 को चोरी की स्कू संख्या: यू0के0-07-बीके-2513 व 02: दीपक पुत्र सुरेश निवासी एकता विहार थाना रायपुर जनपद देहरादून उम्र 24 वर्ष को चोरी क स्कूटी संख्या: यू0के0-07-एएफ-7874 के साथ दीपनगर रेलवे पुल के नीचे से गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ में दोनो अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि वो दोनो नशे के आदी हैं तथा अपने नशे की आवश्कताओं की पूर्ति के लिये उन द्वारा स्कूटी चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था, आज दोनो अभियुक्त उक्त स्कूटियों को बेचने की फिराक में घूम रहे थे पर इ दौरान पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

विवरण गिरफ्तार अभियुक्त

1- विकास पुत्र राजेश निवासी पंचपुरी मोहोला थाना डालनवाल देहरादून उम्र 25 वर्ष।
2- दीपक पुत्र सुरेश निवासी एकता विहार, थाना रायपुर, जनपद देहरादून, उम्र 24 वर्ष

**बरामदगी:-**

1- स्कूटी सं0: यू0के0-07- बीके-2513 रंग काला
2- स्कूटी सं0: यू0के0-07- एएफ-7874 रंग काला

**पुलिस टीम :-**

1- उ0नि0 सतवीर भंडारी, चौकी प्रभारी जोगीवाला
2- उ0नि0 नरेंद्र
3- कानि0 श्रीकांत ध्यानी
4- कानि0 मुकेश कंडारी
5- कानि0 आशीष
6-कानि0 बृजमोहन रावत
7-हेड कानि0 किरण (एसओजी) देहरादून

1090
उत्तराखण्ड पुलिस
थाना नेहरू कॉलोनी